# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### महाशिवरात्रि पर शिवाभिषेक के साथ होगी महाआरती और भंडारा

**इटारसी, देशबन्धु।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सूखा सरोवर स्थित श्री शिव मंदिर में सुबह 6 बजे से शिवाभिषेक की शुरुआत हो जाएगी, इसके पश्चात दोपहर 1 बजे से महादेव का महाभिषेक किया जाएगा। शाम 4 बजे से हवन के बाद शाम 05 बजे महाआरती की जाएगी। 5.30 से सभी शिव भक्तों को भंडारे का प्रसाद वितरित किया जाएगा। श्री शिव मंदिर से जुड़े सभी श्रद्धालुओं ने सभी धर्म प्रेमी जनता से इस महापर्व में सादर आमंत्रित किया है।

### केसला की सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों पर अन्नप्रासन कार्यक्रम

**इटारसी, देशबन्धु।** विकास खंड केसला महिला बाल विकास विभाग की मंगल दिवस योजना अंतर्गत आज मंगलवार को आंगन वाड़ी केंद्रों पर अन्नप्राशन मंगल दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों के स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान के उद्देश्य से 'छह माह उपरान्त ऊपरी



आहार की शुरूआत' क्यों जरूरी है, विषय पर पर्यवेक्षक सुश्री वंदना ने आगनवाड़ी केंद्र कासदाखुर्द 139 में शिशुवती, गर्भवती एवं ग्राम की अन्य महिलाओं को जागरूक करने का प्रयास किया। केंद्र पर ड्ड।।स्ह्ठ कार्यक्रम के आयोजन के अन्तर्गत टीकाकरण, पोषण परामर्श टेक होम राशन वितरण हुआ। इस अवसर पर आगनवाड़ी कार्यकर्ता विमला कासदे, शांति चौहान, एएनए प्रीति पंद्रे, आशा कार्यकर्ता माया दामले उपस्थित रहीं। सहायिका श्रीमती पार्वती ने सभी कार्यों में सहयोग किया।

### डीजल शेड के अनेक रेलकर्मियों ने थामा वेस्ट सेंट्रल मजदूर संघ का दामन

**इटारसी, देशबन्धु।** अनेक रेलकर्मियों ने आज वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ की सदस्यता लेकर महामंत्री अशोक शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजेश पांडे के नेतृत्व में विश्वास जताया है। डीजल शेड शाखा अध्यक्ष महाकालेश्वर कश्यप और सचिव राजेश यादव के कर्मचारी हितैषी कार्यों से प्रभावित



होकर डीजल शेड के युवा नेता गैस एजेंसी के सचिव उमेश निगम, दुष्यंत गौर के साथ सैकड़ों युवाओं ने संघ का हाथ थामा है। इटारसी के शीर्ष नेतृत्व भागीरथ मीणा, संजय केचे, कुंदन आगलावे के मार्गदर्शन में डीजल शाखा अध्यक्ष महाकालेश्वर कश्यप, मुख्य शाखा अध्यक्ष प्रीतम तिवारी एवं मुख्यालय कार्यकारिणी सदस्य राजेश गौर की उपस्थिति में मजदूर संघ में शामिल होने की लिखित सहमति पत्र सौंपा। डीजल शाखा के सभी पदाधिकारी श्याम निर्मल, राहुल विशंभर, पंकज, रविकांत, संजय ज्ञान, कैलाश, प्रशांत, जितेंद्र वैभव, सुनील, सुभाष, महेंद्र पुलकित, मनीष, अमित, चंद्र प्रकाश, नितिन, राजेश, लोकेश आदि युवा साथियों ने आभार व्यक्त किया।

### नगरपालिका अध्यक्ष ने किया डेढ़ करोड़ से बन रहे नाले निरीक्षण

**इटारसी, देशबन्धु।** नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने नगरपालिका अमले के साथ न्यास कॉलोनी से चिकमंगलूर चौराहे तक लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बन रहे नाला निर्माण का निरीक्षण किया।



एमजीएम कॉलेज के पास अभी नाला निर्माण के लिए कार्य चल रहा है। यहां पर नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने एई मीनाक्षी चौधरी, उपयंत्री आदित्य पांडे, कांट्रेक्टर प्रशांत अग्रवाल के साथ निरीक्षण कर कार्य की प्रगति देखी। उल्लेखनीय है कि नाला निर्माण चिकमंगलूर चौराहे तक होगा और करीब 1.5 करोड़ रुपये से बन रहा है। परिषद के सम्मेलन का एजेंडा भी जारी किया - नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने नगर पालिका परिषद का 27 फरवरी को होने वाले परिषद के साधारण व्यापक सम्मेलन की तैयारी करते हुए एजेंडा जारी किया चौरे ने बताया कि परिषद में कुल 19 विषयों पर चर्चा होगी। जिसमें मुख्य रूप से शहर को भिक्षावृत्ति मुक्त शहर बनाने व भिक्षुकों के पुनर्वास व उत्थान पर के विषय पर मंथन होगा। इसके अलावा 23 अप्रैल गौरव दिवस के अवसर पर 1 माह इटारसी में इटारसी उत्सव मेला लगाने, होर्डिंग्स किराया के लिए टेंडर निकालने सहित नगरपालिका स्वामित्व की दुकानों की किराया वृद्धि सहित अन्य विषय रखे गए हैं।

# टक्कर के बाद कार में लगी आग, जिंदा जला एक युवक, 2 घायल



**इटारसी, देशबन्धु।** सिवनी मालवा के आंवलीघाट रोड पर कोटलाखेड़ी के पास बीती रात एक कार आगे चल रही जीप में बुरी तरह से टकराने से आग लग गयी। घटना में एक युवक जिंदा जल गया, जबकि चलती कार से कूदने पर दो युवक घायल हुए हैं। एक को उपचार के लिए भोपाल रेफर किया है, जबकि दूसरे का उपचार सिवनी मालवा के अस्पताल में चल रहा है।

सिवनी मालवा थाना प्रभारी अनूप सिंह उईके के अनुसार सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब 11 बजे सिवनी मालवा के तीन युवकों की कार भोपाल से वापस लौटते वक्त कोटलाखेड़ी के पास आगे चल रही टवेरा जीप से टकरा गयी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार में तत्काल आग लग गयी। आग लगते ही दो युवक सूरज धनगर और वंश राठौर कार से कूद गये, जबकि तीसरा युवक अवतार सिंह उर्फ पप्पू सिंह राजपूत आग की चपेट में आकर जल गया और उसकी मौत हो गयी। सूरज को हालत गंभीर होने से भोपाल रैफर किया है जबकि वंश का उपचार सिवनी मालवा के निजी अस्पताल में ही किया जा रहा है। थाना प्रभारी के अनुसार आग बुझाने के बाद अवतार के शव को बाहर निकाला और सिवनी मालवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

### शादी के कार्ड बांटकर लौट रहे थे

थाना प्रभारी अनूप सिंह उईके के अनुसार 24 फरवरी को अवतार की बहन की शादी थी, उसके कार्ड बांटने के लिए तीनों दोस्त भोपाल गए थे। वहीं से लौटने के दौरान हादसा हो गया। कार सूरज चला रहा था।

# यूथ क्रिकेट क्लब नर्मदापुरम की फेथ क्रिकेट अकादमी भोपाल पर शानदार जीत

**इटारसी, देशबन्धु।** राजधानी भोपाल के बाबे अली क्रिकेट स्टेडियम पर खेली जा रही चौथी सैयद शकील मोहम्मद अंडर-20 ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट में यूथ क्रिकेट क्लब नर्मदापुरम ने फेथ क्रिकेट अकादमी भोपाल को पांच विकेट से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।



फेथ क्रिकेट क्लब, भोपाल और यूथ क्रिकेट क्लबनर्मदापुरम के बीच खेले मैच में फेथ क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अलंकृत के 40 रन तथा अनिकेत वर्मा के 32 रनों के सहारे 127 रनों का लक्ष्य रखा। आयुष मानकर ने तीन विकेट प्राप्त किए। जवाबी पारी खेलते हुए यूथ क्रिकेट क्लब नर्मदापुरम के लिए कप्तान राहुल चंद्रोल के शानदार 55 रन तथा अनिल मौर्य के 28 रन तथा चिराग टाक के 26 रनों की बदौलत पांच विकेट से मैच जीत कर अगले दौर में प्रवेश किया। आज का मैन ऑफ द मैच आयुष मानकर को मुख्य अतिथि एसीपी अनिल बाजपेई तथा बीडीसीए के जॉइंट सेक्रेटरी मुजीबउद्दीन तथा सीनियर क्रिकेटर सरगम विश्वकर्मा ने प्रदान किया। इस अवसर पर सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी के सैयद अवान शकील तथा सैयद अयान शकील मौजूद रहे।

# संतश्री गाडगे महाराज की जयंती पर 22 एवं 23 को होंगे आयोजन



**इटारसी, देशबन्धु।** राष्ट्रीय संत श्री गाडगे महाराज चौराहा समिति इटारसी द्वारा 23 फरवरी, रविवार को नगर इटारसी में स्वच्छता के जनक-शिक्षा के दूत एवं रजक समाज के आराध्य संत श्री गाडगे महाराज की 149 वीं जयंती का दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। जयंती की पूर्व संध्या पर 22 फरवरी शाम 4 बजे रजक समाज द्वारा शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा एवं 23 फरवरी को दोपहर 12 बजे से श्री गाडगे महाराज चौराहे पर समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महेश ढालिया, अध्यक्ष-रजक कल्याण बोर्ड मध्य प्रदेश शासन कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त, दर्शन सिंह चौधरी संसद नर्मदापुरम-नरसिंहपुर, डॉ.सीतासरन शर्मा विधायक नर्मदापुरम, पीयूष शर्मा, पंकज चौरे अध्यक्ष नगर पालिका परिषद इटारसी मुख्य रूप से उपस्थिति रहेंगे।

# ट्रैक्टर टोचन प्रतियोगिता पर प्रशासन लगाए पूर्ण विराम : भारतीय किसान संघ



**इटारसी, देशबन्धु।** भारतीय किसान संघ ने ग्रामीण क्षेत्र में होने वाली ट्रैक्टर टोचन प्रतियोगिता पर रोक लगाने की मांग प्रशासन से की है। संघ ने बताया कि वर्तमान में इटारसी के ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही ट्रैक्टर टोचन दुर्घटना संभावित प्रतियोगिता है। विगत कुछ वर्षों से यह प्रतियोगिता प्रारंभ हुई, है जो किसी दिन बड़ी जनहानि का सबब बनेगी। ट्रैक्टर खींचो प्रतियोगिता में गंभीर दुर्घटना घटने की आशंका है, इसके अलावा ट्रैक्टर की मशीनी खराबी भी आती है।

भारतीय किसान संघ, नर्मदापुरम के जिला सहमंत्री रजत दुबे ने कहा कि दर्शक दीर्घा में खड़े ग्रामीण या बच्चों को ट्रैक्टर द्वारा किसी दिन शारीरिक चोट आ सकती है। ट्रैक्टर खेतों में कार्य करने वाला साधन होता है, उसे अखाड़े में उतारकर जनहानि का साधन नहीं बनाना चाहिए। श्यामशरण तिवारी, तहसील अध्यक्ष भारतीय किसान संघ ने प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही संपूर्ण क्षेत्र में इस प्रकार की प्रतियोगिता पर पूर्ण विराम लगाया जाए ताकि भविष्य में होने वाले गंभीर परिणाम को रोका जा सके। अगर इस प्रकार की कोई प्रतियोगिता का आयोजन कोई कराता है तो आयोजनकर्ता के ऊपर कार्यवाही की जाए। अगर कोई कार्यवाही नहीं की जाती है तो भारतीय किसान संघ इसका विरोध करेगा।

# महाकुंभ मेला : भोपाल मंडल से गुजरने वाली करीब डेढ़ दर्जन ट्रेनें निरस्त

**इटारसी, देशबन्धु।** उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मंडल में महाकुंभ मेला-2025 के चलते परिचालनिक कारणों से भोपाल मण्डल से होकर गुजरने वाली निम्नांकित ट्रेनें अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेंगी।

रेलवे ने जिन ट्रेनों को निरस्त किया है, उनकी संख्या 16 है। ये ट्रेनें भोपाल मंडल के कई शहरों से होकर गुजरती हैं। गाड़ी संख्या 19045 सूरत-छपरा ताप्ती गंगा एक्सप्रेस 19 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से, गाड़ी संख्या 19046 छपरा-सूरत ताप्ती गंगा एक्सप्रेस 21 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से, गाड़ी संख्या 19483 अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस 19 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से , गाड़ी संख्या 19484 बरौनी-अहमदाबाद एक्सप्रेस 21 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से , गाड़ी संख्या 22911 इंदौर-हावड़ा क्षिप्रा एक्सप्रेस 18,20 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से , गाड़ी संख्या 22912 हावड़ा-इंदौर क्षिप्रा एक्सप्रेस 20,22 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से , गाड़ी संख्या 01025 दादर-बलिया त्रि-साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 19 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से, गाड़ी संख्या 01026 बलिया-दादर त्रि-साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 21 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से, गाड़ी संख्या 01027 दादर-गोरखपुर एक्सप्रेस स्पेशल 18 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से , गाड़ी संख्या 01028 गोरखपुर-दादर एक्सप्रेस स्पेशल 20 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से , गाड़ी संख्या 11055 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस 19 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से , गाड़ी संख्या 11056 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस 21 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन स ,गाड़ी संख्या 11059 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा एक्सप्रेस 18 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से , गाड़ी संख्या 11060 छपरा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस 20 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से , गाड़ी संख्या 12428 आनंद विहार टर्मिनस-रीवा एक्सप्रेस 18 एवं 19 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से , गाड़ी संख्या 12427 रीवा-आनंद विहार टर्मिनस एक्सप्रेस 19 एवं 20 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

# छत्रपति शिवाजी की जयंती पर आज निकलेगी शोभायात्रा

**बैतूल, देशबन्धु।** क्षत्रिय लोणारी कुन्बी समाज संगठन के तत्वाधान में 19 फरवरी को शिवाजी जयंती का भव्य आयोजन किया जा रहा है। समाज के सभी वर्गों को इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

कार्यक्रम की शुरुआत जिला अस्पताल बैतूल में सुबह 8 बजे अंकुरति आहार से होगी। इसके बाद सुबह 9 बजे छत्रपति शिवाजी सांस्कृतिक भवन से शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो छत्रपति शिवाजी चौक कोठीबाजार पहुंचेगी। वहां प्रतिमा पर माल्यार्पण 11:30 बजे किया जाएगा। मंचीय कार्यक्रम छत्रपति शिवाजी ऑडिटोरियम में 11:30 बजे से शुरू होगा। शाम 7 बजे से कवि सम्मेलन का आयोजन भी इसी स्थान पर किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन लोणारी कुन्बी सेवा संगठन, महिला संगठन, नारी उत्थान समिति, पूर्व सैनिक समिति, जिला सलाहकार समिति, विधिक सहायता प्रकोष्ठ, बडोरा, आमला, मुलताई, भैंसदेही, चिचोली, घोड़ाडोंगरी, सारणी, प्रभात पट्टन, आठनेर और भीमपुर की विभिन्न इकाइयों द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने में जिला अध्यक्ष दिनेश मस्की, जिला सचिव प्रवीण ठाकरे और जिला कोषाध्यक्ष नामदेव बारस्कर, संरक्षक मंडल में एसवाई पान्से और बसंत माकोड़े, जिला कार्यकारिणी के सदस्य श्रीमती सुमन पंडाग्रे, पीडी चिल्हाटे, राजेंद्र बारस्कर, सुशीला ताई देशमुख, सुरेश गायकवाड़, पियुष पंडाग्रे, राजेश्वरी लिखितकर, बाबूराव धोटे, रविशंकर पारखे, अलकाताई खंडाग्रे, विजय बोकड़े, राजेश्वरी ताई खंडाग्रे, संजय अड़लक और भगवंतराव बोहरपी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। समाज के सभी सदस्यों और नागरिकों से अपील है कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाएं और शिवाजी महाराज के जीवन से प्रेरणा लें।

# किसानों को गेहूं और धान के उचित समर्थन मूल्य देने की मांग

### आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर लगाया वादा खिलाफी का आरोप

**बैतूल, देशबन्धु।** आम आदमी पार्टी जिला बैतूल ने भाजपा सरकार के संकल्प पत्र 2023 के तहत किसानों को गेहूं और धान के उचित समर्थन मूल्य दिलाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष शैलेष कुमार वाईकर के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर के माध्यम से कृषि मंत्री को ज्ञापन भेजा। इस दौरान रोहित पाल, गोपाल झारबडे, शमीम अहमद फारूकी, हेमंत सोनारे, राहुल सोनी, मयूर गुजरे समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



ज्ञापन में बताया गया कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव से पहले मोदी की गारंटी, भाजपा का भरोसा के तहत किसानों से गेहूं और धान के समर्थन मूल्य के साथ बोनस देने का वादा किया था। पार्टी ने वादा किया था कि सत्ता में आने के बाद गेहूं का समर्थन मूल्य और बोनस मिलाकर 2700 रुपये और धान का 3100 रुपये प्रति क्विंटल भुगतान किया जाएगा। लेकिन मौजूदा स्थिति में जो मूल्य घोषित किया गया है, वह इस संकल्प पत्र से काफी कम है। आम आदमी पार्टी ने इसे किसानों के साथ वादा खिलाफी बताते हुए सरकार को घेरा है।

पार्टी ने मांग की है कि मौजूदा हालात को देखते हुए गेहूं का समर्थन मूल्य बढ़ाकर 3000 रुपये और धान का 3100 रुपये प्रति क्विंटल किया जाए, ताकि किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिल सके। ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान समय में खाद, बिजली, बीज, डीजल और मजदूरी की बढ़ती कीमतों के चलते उत्पादन लागत लगभग 3000 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच गई है। ऐसे में यदि सरकार 2700 रुपये का भुगतान भी करती है, तो भी किसानों को घाटा उठाना पड़ेगा और वे कर्ज में डूबते जाएंगे। आम आदमी पार्टी ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि गेहूं और धान पर बोनस की घोषणा नहीं की गई तो पार्टी उग्र आंदोलन करेगी। उन्होंने मांग की कि किसानों के हित में जल्द से जल्द निर्णय लिया जाए ताकि वे अपने हक से वंचित न रहें।

# बुजुर्ग की जिंदगी भर की कमाई बैंक से गायब

### बेटी की शादी सिर पर, नहीं बचा एक भी रुपया, परेशान पिता ने बैंक के खिलाफ कलेक्टर से की शिकायत

**बैतूल, देशबन्धु।** शहर की एक निजी बैंक के खाताधारक की जिंदगीभर की कमाई बैंक से गायब हो गई, जिससे वह सदमे में हैं। मिली जानकारी के अनुसार 70 वर्षीय पंचम पिता रामलाल ने शहर की एक निजी बैंक में 5 लाख रुपये की फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) करवाई थी, लेकिन जब उन्होंने पैसे निकालने के लिए बैंक का रुख किया, तो उन्हें झटका लगा। बैंक अधिकारियों ने बताया कि उनके खाते में कोई पैसा नहीं है। बुजुर्ग ने पूरे डाक्यूमेंट्स के साथ शिकायत दर्ज कराई, लेकिन तीन दिन बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। पंचम ने बताया कि उनकी बेटी की शादी तीन महीने बाद है और इस रकम से शादी की तैयारियां होनी थी। लेकिन बैंक से पैसा ही गायब हो गया। उन्होंने



बैंक मैनेजर अंकित चौबे से भी लिखित में शिकायत की, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। खाताधारक पंचम रामलाल ने बताया कि बैंक के एक कर्मचारी ने यह फिक्स्ड डिपॉजिट करवाई थी। अब जब उन्होंने बैंक जाकर पैसे मांगे तो बैंक की ओर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया जा रहा। बुजुर्ग ने इस पूरे मामले की शिकायत बैतूल के गंज थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने तीन दिन का समय मांगा था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पंचम रामलाल अब बैंक और प्रशासन से बस यही अपील कर रहे हैं कि उन्हें उनका पैसा वापस दिलाया जाए, जिससे उनकी बेटी की शादी की तैयारियां समय पर हो सकें। उन्होंने कलेक्टर से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है।

# ईको क्लब की कार्यशाला में विद्यार्थियों ने सीखा स्वरोजगार का हुनर

### कागज और पुराने कपड़ों से बैग बनाना सिखवाया

**बैतूल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस जयवंती हॉक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल के ईको क्लब द्वारा 18 फरवरी को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ.मीनाक्षी चौबे के मार्गदर्शन में जितेंद्र विश्वकर्मा द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को स्वरोजगार के नए आयाम सिखाए गए।



कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को कागज की लुगदी से उपयोगी सामान बनाना, पेपर बैग तैयार करना और पुराने कपड़ों से बैग बनाना सिखाया गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाना और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना था। मुख्य अतिथि प्रोफेसर कृष्णा गौसर ने कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने और छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होते हैं। संयोजक ईको क्लब प्रोफेसर अर्चना सोनारे ने बताया कि कचरे से उपयोगी वस्तुएं बनाकर हम पर्यावरण को सुरक्षित रख सकते हैं। इस कार्यशाला में 265 छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसे सफल बनाने में प्रोफेसर सुनीता गड़ेकर, डॉक्टर महेंद्र नावंगे, प्रोफेसर राजकुमार चौकीकर, डॉक्टर प्रीतिबाला पाल सहित श्रद्धा नगदे, कोमल बघेल, अभिलाष आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। मंच संचालन प्रोफेसर संतोष पवार ने सुगमता से किया और अंत में प्रोफेसर दीपिका साहू ने आभार व्यक्त किया।

# ठेकेदार की लापरवाही से एक हजार ग्रामीणों के कंठ प्यासे

**बैतूल, देशबन्धु।** जिले मे कई जगह जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल के साथ शुद्ध पेयजल का सपना पूरा होता नहीं दिखाई दे रहा हैं। भीमपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत काबरा के घोड़पाडमाल मे भी यही स्थिति बनी हुई हैं। यहां जल जीवन मिशन के तहत कार्य करने वाले ठेकेदार की लापरवाही के चलते करीब एक हजार ग्रामीणों को योजना के तहत पेयजल नसीब नहीं हो रहा हैं। जिसके कारण मजबूरी में ग्रामीणों को गांव से करीब एक किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर होना पड़ता हैं। ग्रामीणों ने बताया की योजना के तहत ग्राम में पाइप लाइन भी बिछा के टंकी निर्माण भी कर दिया गया हैं। लेकिन जिस बोर मे पानी लगा हैं, उसमे ठेकेदार द्वारा अब तक मोटर नहीं डाली गयी



हैं, जबकि विद्युतीकरण का काम भी अधूरा हैं. जिसके कारण घरों तक पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही हैं। ग्रामीण शंकर धुर्वे, अलकेश सेलुकर ने बताया कि 3 वर्ष पूर्व जब गांव में योजना के तहत काम शुरु किया गया था तो ग्रामीण काफ़ी खुश थे, लेकिन यह खुशी सिर्फ कुछ दिनों तक ही रही, बोर मे मोटर डालने की फरियाद ग्रामीण पीएचई के अफसरों से लेकर ठेकेदार से कर चुके हैं लेकिन अब तक उनकी मांग अनसुनी ही हैं जिसके कारण ग्रामीण पानी की समस्या से अब भी परेशान हैं। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार करीब 3 करोड़ की योजना से यह काम छह माह मे पूरा कर दिया जाना चाहिए था लेकिन 3 वर्ष से अधिक समय होने के बाद भी योजना अधूरी हैं जिससे पीएचई के अधिकारियो कर्मचारियों की लापरवाही भी उजागर होती हैं।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने लिए 4 सैंपल

**बैतूल, देशबन्धु।** कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार जिले में मिलावट से मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों का विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों से सैंपल लिए जाने की कार्रवाई की जा रही है। अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन शैलेंद्र बड़ोनिया के मार्गदर्शन में मंगलवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने टीम के साथ बस स्टैंड आमला में ठेलों पर विक्रय किए जा रहे खाद्य पदार्थ समोसे व बड़े के सैंपल लिए गए। इस दौरान दुकानों के लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन की भी जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने निरीक्षण में संचालकों को साफ सफाई रखने, खाद्य सामग्री को सही रख-रखाव व ढक कर रखने की समझाइश दी। निरीक्षण के दौरान खाद्य तेल की पड़ताल की गई। समाचार लिखे जाने तक करवाई जारी है। लिए गए सैंपल खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे जाएंगे तथा जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

## सार समाचार

### नदवी का किया स्वागत



**सिरोंज, देशबन्धु।** मोलवी अजीमुद्दीन नदवी मदरसा दारूल नदवतुल उलमा लखनऊ से आलिम की पढ़ाई पूरी करके वापस अपने गांव उनारसी पहुंचे जहां उनके साथियों ने उनका स्वागत कर मुबारकबाद दी।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की अंकसूची की जांच की मांग

**सिरोंज, देशबन्धु।** जनसुनवाई में ग्राम रूप दाखेड़ी के ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी को एक आवेदन सौंपकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सीमा गुर्जर की अंकसूची एवं शैक्षणिक दस्तावेजों की जांच करने की मांग की है। आवेदन में आरोप लगाए गए हैं कि सीमा पुत्री झलकन पत्नी हजारीलाल निवासी कंचनपुर है वह सीमा पुत्री हलकान सिंह पत्नी कौशल किशोर निवासी ग्राम रूप दाखेड़ी है। उक्त महिला एक ही नाम की बताई जा रही है जबकि उक्त महिला झलकन सिंह गुर्जर निवासी ग्राम जलालपुर ग्राम पंचायत मलाउ खेड़ी तहसील बहादुरपुर तहसील मुंगावली जिला अशोकनगर की दोनों सगी पुत्री हैं। जो एक ही नाम से होने पर शंका व्यक्त होती है। जो अपनी सगी बहन निवासी कंचनपुर की अंकसूची लगाकर फर्जी तरीके से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर पदस्थ है। ग्राम जनों ने मांग की है कि संबंधित शाला से रिकॉर्ड अंक सूची की जांच की जाए।

### प्रेमी जोड़ा बोला, साहब परिवार वालों से हमारी जान बचा लो

**छतरपुर, देशबन्धु।** तीन दिन पहले परिवार की सहमति के बिना प्रेम–विवाह कर चुके एक प्रेमी जोड़े ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देते हुए कहा कि साहब हमें अपने परिवार के लोगों से जान का खतरा है, हमारी जान बचा लो। बमीठा थाना क्षेत्र के ग्राम भुस्का की रहने वाली 26 वर्षीय राजकुमारी सिंह और उसके 30 वर्षीय प्रेमी रघुवर सिंह ने बताया कि वे आपस में प्रेम करते हैं। परिवार के लोग शादी के लिए राजी नहीं थे, इस कारण 15 फरवरी को उन्होंने हिन्दु रीति–रिवाज से प्रेम–विवाह कर लिया है। इस बात से परिवार के लोग नाराज होकर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। रघुवर सिंह के मुताबिक उसकी पत्नी राजकुमारी का भाई जीवन सिंह के अलावा परिवार के दंगल सिंह, देव सिंह, साहब सिंह, लोचन सिंह, पहलवान सिंह, नाना सिंह और श्याम सिंह द्वारा उन्हें गोली माकर मौत के घाट उतारने की धमकी दी गई है। राजकुमारी और रघुवर ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय से सुरक्षा की मांग की है।

### बाईक से गिरकर महिला की मौत

**छतरपुर, देशबन्धु।** बिजावर थाना क्षेत्र में बीती शाम स्पीड ब्रेकर पर एक बाइक इतनी तेजी से उछली की उस पर बैठी 45 वर्षीय एक महिला की सड़क और गिरकर मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम बिलगांय निवासी रामकृपाल सेन अपनी 45 वर्षीय पत्नी संगीता सेन के साथ बड़ामलहरा गया था। वहां से वापिस घर लौटने के दौरान ग्राम मनकारी–गंज के बीच बने अस्थाई स्पीड ब्रेकर पर बाइक तेजी से उछल गई। जिससे झटका लगने से संगीता चलती हुई बाईक से जमीन पर गिरकर बुरी तरह से घायल हो गई।

## सिंधी समाज ने किया समाजसेवी दुबे का सम्मान

# समाजसेवी की पहल से परिजनों को मिला गुमशुदा मानसिक विक्षिप्त युवक

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** विगत दिवस सोमवार को नगर के युवा समाजसेवी अन्नपूर्णा सेवा समिति के संचालक गगन दुबे को 23– 24 वर्षीय एक युवक जो मानसिक रूप विक्षिप्त अवस्था में घूमता दिखाई दिया जो पिछले चार–पांच दिनों से गंजबासौदा में भूखा प्यासा घूम रहा था। दुबे ने उस युवक से सहानुभूति पूर्वक बातचीत की एवं उसको भोजन कराया तत्पश्चात उसकी जानकारी मिलाकर उसको उसके परिजनों से मिलवाया। ज्ञात हो कि मानसिक विक्षिप्त अवस्था में युवक पिछले चार पांच दिन से शहर में भटक रहा था लेकिन किसी का ध्यान उसकी ओर नहीं गया। जब शहर के जागरूक युवा समाजसेवी ने जब यह भांपा की यह विक्षिप्त युवक परेशान है तब उन्होंने उससे बातचीत करने की। तब परेशान युवक ने अपना नाम दीपक रेलवानी पिता राजकुमार रेलवानी बताया। जिससे यह समझ आया कि यह शायद सिंधी समाज का है। तब दुबे ने इस बात की जानकारी शहर के सिंधी समाज के वरिष्ट लोगों को दी जिसके बाद सिंधी समाज के स्थानीय निवासी सुरेश तनवानी, राकेश कटारिया, श्याम वाधवानी, राम वाधवानी ने जय स्तंभ चौक पहुंचकर इस युवक से सिंधी भाषा में बात करके



इस बात को पक्का किया कि वह सिंधी ही है।

वह अपने आप को मुंबई , कोलकाता एवं इंदौर का रहवासी बता रहा था। इसे दुबे व उनके सहयोगियों ने सोशल मीडिया व्हाट्सएप ग्रुप में डाला। साथ ही युवक द्वारा बताए गए एक पते काटजू कॉलोनी इंदौर को अपने मित्रों के सहयोग से परीक्षण किया गया। दुबे फिर इस युवक को लेकर शहर थाने पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी से थाना प्रभारी को अवगत कराया साथ ही सिंधी समाज इंदौर एवं मुंबई के सामाजिक व्हाट्सएप ग्रुपों पर संदेश पहुंचाया गया व पुलिस के सहयोग से युवक के परिजनों का पता लगाने का भरचक प्रयास प्रारंभ किए। इसके साथ–साथ बासौदा के व्यापारिक व्हाट्सएप ग्रुपों पर भी इस संदेश को तेजी से प्रसारित किया गया। इन संदेशों के माध्यम से युवक के माता–पिता इंदौर निवासी पाए गए एवं स्थानीय सिंधी समाज के लोगों तथा भाजपा नेता रोहित रघुवंशी के माध्यम से उनके परिजनों का संपर्क युवक से हुआ। तत्पश्चात उसके परिजन सोमवार प्रात: गंजबासौदा पहुंचे और अपने गुमशुदा युवक से मिल सके। अपने मानसिक विक्षिप्त बेटे से मिलकर माता–पिता भावुक हो गए और उन्होंने शहर के युवा समाजसेवी श्री दुबे व स्थानीय सिंधी समाज का आभार जताया जिन्होंने उनके बेटे से मिलवाने में महती भूमिका निभाई।

दीपक रेलवानी को शकुशल अपने परिजनों तक पहुंचाने के पश्चात स्थानीय सिंधी समाज ने युवा समाजसेवी पत्रकार गगन दुवे का सम्मान सिंधी धर्मशाला त्योंदा रोड पर किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं व्यवसायी सतपाल तनवानी ने दुवे के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सूझबूझ एवं समाज सेवा की भावना के कारण एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक अपने परिजनों से मिल सका इसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। सिंधी समाज के सुरेश तनवानी ने गगन दुबे की सेवा भावना का सम्मान करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष प्रदीप खटवानी,कन्हैया लाल वासवानी, नानक मामा किशोर उद्यानी, सुरेश तनवानी, हशमत मामा,दिलीप तनवानी, राकेश कटारिया, मनोज वासवानी, श्याम वासवानी, राम बाधवानी,चेतन कटारिया, तरु खिलवानी सहित अनेक सिंधी समाज ने नागरिक उपस्थित रहे।

## नपा अध्यक्ष ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** जय स्तंभ चौक से भावसार पुलिया तक बन रहे नाले की पिचिंग का कार्य जल्द किया जाए। ताकि नागरिकों को अपना व्यवसाय करने में किसी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए और इंजीनियर, अधिकारी कर्मचारी सतत विकास कार्यों का निरीक्षण करें। उक्त बात आज यहां नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने नगर में चल रहे निर्माण कार्यो का औचक निरीक्षण करते हुए उपस्थित नपा कर्मियों से कहीं।

इस मौके पर उनके साथ पार्षद सुनील साहू, ज्योति पिंकू शर्मा, सरदार अहिरवार, संजय भावसार, नपा सीएमओ जयंत वर्मा, इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। मंगलवार के दिन नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने त्योंदा रोड पर पुलिया चौड़ीकरण, बरेठ रोड की दोनों पुलिया का चौड़ीकरण कार्य को बारीकी से जांचा। उन्होंने पुलियों पर बैरिकेट्स रखवाए जाने की भी बात कही ताकि वाहन चालकों को असुविधा न हो। इस मौके पर उन्होंने बताया कि बरेठ रोड पर पुलिया नागरिकों की सुविधाओं को देखते हुए जन सुविधा केंद्र का भी निर्माण कराया जाएगा। इस निरीक्षण के बाद वे अन्य पार्षदों के साथ एसडीएम बंगले के पीछे बनने वाली पुलिया पर पहुंची और वहां हो रहे अंतिम चरण के निर्माण कार्य को देखा। इस कार्य पर सभी ने संतुष्टि जाहिर की। सबसे व्यस्ततम बेदन खेड़ी पुल पर पहुंचकर नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने जल्द पिचिंग कराए जाने और दोनों ओर रेलिंग लगाई जाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों से कहा कि निर्माण कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी वे समय–समय पर इसी तरह औचक निरीक्षण करती रहेगी।

## पैसों के लेनदेन को लेकर मारपीट, व्यापारी घायल

**सिरोंज, देशबन्धु।** नगर में आज दो कपड़ा व्यापारियों के बीच मारपीट हो गई। बताया जाता है की आपसी लेनदेन के चलते मारपीट हुई जिसमें फरियादी अंकित बिंदल को आरोपी नवाब खान रिजवान व नवाब खां के छोटे बेटे ने विवाद के बाद डंडा मार दिया जिससे अंकित के सर में चोट आई। बताया जाता है कि दोपहर 2 बजे के करीब अंकित चिंता हरण हनुमान मंदिर के पास खड़ा था तभी नवाब आया और पुराने रूपयों के लेनदेन की बात को लेकर गाली गलौज करने लगा। अंकित ने मना किया तो हाथ में डंडा लिए नवाब का बड़ा लड़का रिजवान व छोटा लड़का आया वह गाली गलौज करने लगा। इसके बाद रिजवान ने डंडा अंकित के सिर में मार दिया जिससे खून निकल आया। नवाब के छोटे लड़के ने हाथ के मुक्कों से मारा इसके बाद अक्षय व मनीष ने बीच बचाव किया। पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी ।



## अतिक्रमण हटाने का मामला पहुंचा प्रदेश स्तर पर

**सिरोंज, देशबन्धु।** नगर के केथन डेम की डूब क्षेत्र की भूमि से किसानों की लगभग पक चुकी फसलों के अतिक्रमण हटाने का मामला गर्मा गया है। किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र रघुवंशी ग्राम वीरपुर पहुंचे और पीड़ित किसान परिवार से मध्य प्रदेश विधानसभा के प्रतिपक्ष नेता उमंग सिंगार से चर्चा कराई। चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष द्वारा परिवार को पूरा सहयोग और उनकी बात को प्रदेश स्तर तक उठाने का आश्वासन दिया। बताया जाता है कि किसान पट्टे की भूमि पर खेती करता था जिनके पट्टे 2 वर्ष पूर्व निरस्त कर दिए गए थे और इसी अक्टूबर माह में 4000 अर्थ दंड वसूल किया गया था। इसके बाद भी किसान की फसलों को ट्रैक्टर चला कर नष्ट कर दिया गया।

किसानों ने बताया कि उनकी भूमि करीब 60 साल पुरानी है और इसके लिए एक समिति भी थी जिसे शासन ने भंग कर दिया और इसका



मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। किसान नेता सुरेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि केथन डैम में कुछ समय पहले किसानों को पट्टा जारी किया गया था और उसके बाद प्रशासन ने दो वर्ष पूर्व भी उनको निरस्त कर दिया। जबकि किसान अक्टूबर माह में अतिक्रमण पर की जा रही खेती का अर्थ दंड प्रशासन को जमा कर चुका है जिसकी रसीद भी किसानों के पास मौजूद है। प्रशासन ने किसानों की खड़ी फसल को नष्ट कर दिया जबकि यह कार्यवाही कुछ समय बाद भी की जा सकती थी।

मामले को लेकर नेता प्रतिपक्ष ने अपने एक्स पर भी लिखा है सिरोंज में मूलचंद नाम के किसान की फसल पर प्रशासन ने ट्रैक्टर चला दिया तो सदमे में आकर किसान बेहोश हो गया पत्नी गुहार लगाती रही बस 8–10 दिन का समय दे दो फसल काट लेंगे लेकिन प्रशासन ने नहीं सुनी।

**संजय चौरसिया तहसीलदार:** यदि जुर्माना हुआ है तो बेदखली आदेश पारित हुआ है इसलिए शासन का अतिक्रमण हटाना सही है। बेदखली आदेश पारित करने के बाद ही जुर्माना किया जाता है।

**कमलेश कुमार एसडीओ जल संसाधन विभाग:** डूब से बाहर आने के बाद किसान भूमि पर बुआई कर सकते हैं लेकिन इसके पट्टे होते हैं और विभाग से अनुमति लेनी होती है। हमारे अधिनियम में इजाजत है स्थिति के अनुसार है पिछले 2 साल से हमारे सिरोंज में जो स्थिति है सके कारण हमने उन्हें मना कर दिया था।

### अक्षत ने किया पहली बार रक्तदान

**छतरपुर, देशबन्धु।** रक्तदान सर्वोत्तम दान है, प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन मे रक्तदान अवश्य करना चाहिए इससे जीवन संघर्ष में जूझ रहे मरीजो के प्राणों की भी रक्षा की जा सकती है। इसी भावना से प्रेरित होकर छतरपुर के अक्षत जैन ने डीएवीवी आईईटी में बीटेक कंप्यूटर साइंस में वर्ष 2024 में चयन होने के बाद इंदौर में स्टेट ऑफ आल मॉडल ब्लड सेंटर के लिए प्रथम बार रक्तदान किया है। अक्षत ने कहा कि वह आगे भी समय समय पर रक्तदान करता रहेगा। उनके रक्तदान पर जैन मिलन छतरपुर के क्षेत्रीय संयोजक पंकज जैन महर्षि, उपाध्यक्ष मुकेश देवड़िया, मनोज जैन बजाना, सह सचिव पंकज बड़कुल, विकास जैन, मनीष जैन, प्रमोद जैन सीमेंट, दिलीप जैन कोर्ट ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए नवयुवकों को आगे आकर समाज के लिए रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया है।



### डॉ. संजय शर्मा को फिर मिला राष्ट्रीय सम्मान

**छतरपुर, देशबन्धु।** पिछले तीन दशक से मानसिक विक्षिप्तों की सेवा करते आ रहे अधिवक्ता डॉ. संजय शर्मा को बार फिर राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया है। पर्यटन नगरी खजुराहो के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित बुन्देलखण्ड विकास और यथार्थ, विषयक परिसंवाद में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा द्वारा डॉ. संजय शर्मा को समाजसेवी विष्णु कुमार राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया।

### मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 11 लाख की राशि स्वीकृत

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित 13 लोगों को बेहतर उपचार के लिए मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से हितग्राहियों को 11 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। हितग्राही रुकमनबाई अहिरवार पति गंशुलाल अहिरवार निवासी ग्राम श्यामरा बारी को 45 हजार रुपए, संजू अहिरवार पुत्र ओमप्रकाश अहिरवार वार्ड 18 गुलगंज को 25 हजार, कालू प्रजापति पति बाबूलाल प्रजापति ग्राम पुंछी को 35 हजार, विपिन साहू वार्ड 14 हरपालपुर को 40 हजार, भवानीदीन भूर पुत्र बाबूलाल भूर बरहा को 30 हजार रुपए की राशि मंजूर की गई है। इसी तरह केशर बाई रजक पति धनीराम रजक ग्राम कोटा राजनगर को 25 हजार रुपए, मास्टर प्रांशु तिवारी पुत्र देवस्वरूप तिवारी वार्ड नं.5 नौगांव को 45 हजार, चंद्रभान कुशवाहा पुत्र तुलसीदास वार्ड 9 बमनीघाट को 20 हजार, रामलोचन तिवारी पुत्र स्व. माधव प्रसाद तिवारी वार्ड 16 कर्री को 35 हजार, बाबूराम सोनी पुत्र गोपालदास सोनी छतरपुर को 4 लाख रुपए और ब्रजेश लोधी पुत्र स्व रमेश लोधी को 133334 रुपए की मदद दी गई है। दुर्गेश लोधी एवं दीपा लोधी पुत्र स्व. रमेश लोधी निवासी ग्राम सुनवाहा तह. बक्सवाहा दोनों को 1,33,333 रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### खजुराहो में 19 से नृत्य मैराथन, 20 से नृत्य महोत्सव होगा शुरु

**छतरपुर, देशबन्धु।** खजुराहो के आदिवर्त संग्रहालय में 19 फरवरी को दोपहर 2 बजे से शुरू होने वाला वृहद नृत्य मैराथन रिले 20 फरवरी की शाम 5 बजे तक चलेगा। इसमें लगभग 26 घंटे तक लगातार कथक, भरतनाट्यम, कुचीपुड़ी और ओडिसी जैसे भारतीय शास्त्रीय नृत्यों की प्रस्तुतियां होंगी। 20 से खजुराहो नृत्योत्सव शुरू होगा।

ये बात मंगलवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कलेक्टर पार्थ जैसवाल की मौजूदगी में संस्कृति विभाग के असिस्टेंट डायरेक्टर अमित यादव ने बताई है। उन्होंने बताया प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना और फिल्म अभिनेत्री प्राची शाह मुंबई से वृहद नृत्य मैराथन रिले का नृत्य निर्देशन करेंगी, जबकि संगीत निर्देशन कौशिक बसु संभालेगें। कार्यक्रम में 5–5 कलाकारों के 25 समूह बनाए गए हैं, जिनमें कुल 125 कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इसमें विभागीय संगीत महाविद्यालय, विश्वविद्यालय और वरिष्ठ कलागुरुओं के शिष्यों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग के तत्वाधान में इस बार बाल प्रतिभाओं को मंच देने के लिए खजुराहो बाल नृत्य महोत्सव की शुरुआत की है।

वहीं हर बार की तरह इस बार 20 से 26 फरवरी तक शास्त्रीय नृत्यों का लोकप्रिय आयोजन खजुराहो नृत्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस बार नृत्योत्सव में प्रख्यात फिल्म अभिनेत्री मीनाक्षी शेषाद्री ओडिसी नृत्य की प्रस्तुति देंगीं।

## सबसे तेज दौड़ी हरनारायण की बैलगाड़ी, 20 प्रतिभागियों को हराया





**छतरपुर, देशबन्धु।** बुंदेली विकास संस्थान द्वारा बसारी के राव बहादुर सिंह स्टेडियम में आयोजित किए जा रहे 26वें बुंदेली उत्सव के चौथे दिन रोमांचकारी बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता हुई।

नैगुवां के हरनारायण अग्निहोत्री की बैलगाड़ी सबसे आगे रही। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 20 अन्य प्रतिभागियों की बैल गाड़ी को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया है। दूसरे स्थान पर बंधियन के कल्लू यादव और तीसरे स्थान पर परा के भगवत पटेल की बैलगाड़ी रही। टपरा टॉकीज में बुंदेली फिल्म और वेब सीरीज का प्रदर्शन हुआ। जिसमें इश्तियाक आरिफ खान द्वारा निर्देशित बुंदेली वेब सीरीज कृपया ध्यान दीजिए, अनूप चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित बुंदेली फिल्म चैत की कटाई, हिमालय यादव द्वारा निर्देशित घर में सुपा, काज में फूफा, कन्दू रैकवार द्वारा निर्देशित मूसरचंद, मनोज कुशवाहा द्वारा निर्देशित गगरी की उतराई, जय हिंद यादव द्वारा निर्देशित होली पे लड़ाई और कमल चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित मूंगफली की पटवाई फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

### बीना के नाम रहा पुरुष वर्ग खो-खो का खिताब

बुंदेली उत्सव के तीसरे दिन देर रात तक चली पुरुष वर्ग की खो–खो प्रतियोगिता का खिताब इस वर्ष बीना के नाम रहा। पुरुष वर्ग खो–खो के पहले सेमीफाइनल में बसारी की बीना ने, दूसरे में पन्ना ने दमोह को हराया। खिताबी मुकाबले में पन्ना को बीना ने पराजित किया। विजेता बीना को 5100 रुपए की नगद राशि तथा शील्ड और उपविजेता पन्ना को 3100 रुपए की नगद राशि तथा शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

## जल सहेलियों ने मुख्यमंत्री के साथ साझा किए जल यात्रा के अनुभव

# चंदेल कालीन तालाबों का वैज्ञानिक तरीके से पुनर्जीवन होने से मिलेगी नदियों को संजीवनी



*__छतरपुर, बिजावर, देशबन्धु।__ खजुराहो आए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने खजुराहो के कन्वेंशन सेंटर में जल सहेलियों से उनसे रुबरु होकर जलयात्रा के अनुभव साझा किए। बुंदेलखंड की जल संरक्षण की पारंपरिक पद्धतियों, तालाब और नदियों के बारे में चर्चा भी की।*

*जल सहेलियों में सीमा यादव, रजनी अहिरवार, ममता राजपूत, पुष्पा कुशवाहा, लक्ष्मी कुशवाहा, दीपा मजूमदार और रेखा ने कहा कि चंदेल और बुंदेली तालाबों का यदि वैज्ञानिक तरीके से पुनर्जीवन किया जाए तो बुंदेलखंड की नदियों को संजीवनी मिल सकती है। उन्होंने सुझाव दिया कि जल संरक्षण के लिए सघन पौधरोपण, जल संचयन और सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने की जरुरत है।*

*जल कर संग्रहण की जिम्मेदारी समर्पित कैडर को सौंपने, कम पानी वाली फसलों को अपनाने और स्प्रिंकलर सिंचाई सिस्टम को बढ़ावा देने की बात कही। पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण के लिए पॉन्ड यूनिवर्सिटी की मांग भी की गई। जल यात्रा की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 2 फरवरी से शुरू हुई यह यात्रा 20 फरवरी को जटाशंकर पहुंचकर सम्पन्न होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से जटाशंकर धाम में जलयात्रा के आयोजन में शामिल होने का आग्रह भी किया। जल सहेलियों ने बताया जल यात्रा यात्रा से अब तक 6 लाख से अधिक लोगों को जागरूक किया जा चुका है, ये अभियान सतत रुप से जारी रहेगा।*

### जल संरचनाओं के सरंक्षण व संवर्धन पर होगा काम

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने जल यात्रा की सराहना करते हुए भरोसा दिलाया कि जल सहेलियों की अपेक्षा के अनुसार बुंदेलखंड में जल संरचनाओ के संरक्षण व संवर्धन पर योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा। जल सहेली संगठन के संस्थापक डॉ संजय सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जिस तरह से जल सहेलियों से मुलाकात करके जल यात्रा का संबल बढ़ाया वह निश्चिततौर से बुंदेलखंड में जल संरक्षण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का समर्थन व संबल है। इस दौरान कलेक्टर पार्थ जैसवाल, एसपी अमन जैन, जिपं सीईओ तपस्या परिहार, केंद्रीय भूजल बोर्ड भोपाल के पूर्व निदेशक सुभाष सिंह सहित तमाम अधिकारी व परमार्थ संस्था के रामगोपाल शर्मा एवं मनीष राजपूत उपस्थित रहे।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### बटकीडोह में 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ 20 से

**बैतूल, देशबन्धु।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में तहसील घोड़ाडोंगरी के बटकीडोह (चोपना) में 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है।।गायत्री परिवार के प्रवक्ता रविशंकर पारखे ने बताया कि यह आयोजन 20 से 23 फरवरी तक काली मंदिर चौराहा परिसर, बटकीडोह में होगा। आयोजन समिति के महादेव मंडल, एम.एल. गाठिया, चंद्रमूल रजने, डॉ. मनोज पाटणकर और सुनील शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं से महायज्ञ में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### प्रभारी मंत्री ने डॉ. सुमित कुमार के निधन पर जताया शोक



**बैतूल** जिले के प्रभारी मंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने रोशन लाल पटैया के ज्येष्ठ पुत्र डॉ. सुमित कुमार पटैया के असामायिक निधन पर गहरा शोक जताया है। प्रभारी मंत्री ने रोशन लाल पटैया को भेजे अपने पत्र में डॉ. सुमित कुमार पटैया के असामायिक निधन पर गहरा शोक जताते हुए कहा कि डॉ. पटैया ने निधन का समाचार पाकर अत्यंत दुःख हुआ। इस शोक की घड़ी में आप सब परिवारजनों के साथ मेरी गहन संवेदनायें हैं। प्रभारी मंत्री ने आपकी ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे भगवान से प्रार्थना करते है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें।

### शिव विवाह उत्सव आज से, होगी सोमनाथ की सगाई

**26 को निकलेगी बारात**

**बैतूल, देशबन्धु।** थाना महाकाल चौक स्थित शिवालय में 8 दिवसीय शिव विवाह महोत्सव का भव्य आयोजन 19 फरवरी से शुरू हो गया है। 26 फरवरी तक चलने वाले इस आयोजन में प्रतिदिन विभिन्न मांगलिक रस्में संपन्न होंगी।

इस धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत 19 फरवरी को शाम 4 बजे सोमनाथ की सगाई से होगी। सगाई के कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने की जिम्मेदारी रीता दत्त, ममता भट्ट, वर्षा मंडल, कावेरी शर्मा, चित्रा कावले, वंदना रघुवंशी, विद्या सरोदे, अनुसया अमरुते, निर्मला यादव, कविता इन्हें, आरती पटने, किरण मालवीय, मीनाक्षी दुबे, ममता खरे, रीता अवस्थी, अनीता खाकरे, रजनी सेन, ममता मालवीय, इंदु झोड़, रेशमा दत्ता, समीक्षा वर्मा, सरस्वती पांडे, कल्पना धोटे, कल्पना देशमुख, गीता दीदी, ममता यादव, शीला दुबे, सपना दवंडे, शकुन कापसे, आशा नागले, लक्ष्मी सूर्यवंशी और मनीषा ठाकरे को सौंपी गई है।

**महोत्सव के तहत आठ दिनों तक रोजाना अलग**-अलग धार्मिक अनुष्ठान होंगे। 20 फरवरी को ओंकारेश्वर का टीका शाम 7 बजे होगा। 21 फरवरी को केदारनाथ की खन मिट्टी शाम 4 बजे लाई जाएगी। 22 फरवरी को भीमाशंकर का मंडप सुबह 11 बजे तैयार होगा। 23 फरवरी को काशी विश्वनाथ की हल्दी दोपहर 1 बजे संपन्न होगी। 24 फरवरी को त्यंबकेश्वर की मेहंदी रात 8 बजे से लगेगी। 25 फरवरी को रामेश्वरम का संगीत रात 8 बजे से होगा। अंत में 26 फरवरी को शंभू भोले सेवा उत्सव समिति द्वारा थाना महाकाल चौक स्थित शिवालय से शिव बारात निकाली जाएगी। यह बारात महाकालेश्वर मंदिर से निकलेगी। भक्तगण भगवान शिव और माता पार्वती के इस पावन विवाह उत्सव में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।

### भूतपूर्व सैनिकों की बैठक आज

**बैतूल, देशबन्धु।** भूतपूर्व सैनिकों की बैठक बुधवार को मुलताई में आयोजित की गई है। कैप्टन आईएन सुमीत सिंह सेवानिवृत्ति जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने भूतपूर्व सैनिकों, शहीदों की पत्नियों से बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### शिवरात्रि पर भंडारा, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर ,तैयारियां पूर्ण

**बैतूल, देशबन्धु।** शिवम सेवा समिति के तत्वावधान में विगत 15 वर्षो से विशाल भंडारा आयोजित किया जाता रहा है। इसी तारतम्य में इस वर्ष भी कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। इस संबंध में आयोजन समिति के राकेश रक्कु शर्मा ने बताया कि 22 फरवरी को कैंसर जागरूकता अभियान, प्लास्टिक उपयोग मुक्त जिला अभियान रैली चलाया जाएगा जिसमें प्लास्टिक के गिलास, चम्मच, कटोरी के विक्रेताओं से समिति एवं शहर के गणमान्य नागरिकों द्वारा गुलाब का फूल देकर इनका उपयोग नहीं करने का अनुरोध किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 2018 में समिति द्वारा बैतूल में कागज के चाय के कप का अभियान चलाया गया था जो आज तक सफलतापूर्वक चल रहें हैं। 25 फरवरी को तीन दिवसीय विशाल महा भंडारे का शुभारंभ, भंडारा स्थल पर महा रक्तदान शिविर, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस भंडारे का आयोजन भोपाली छोटा महादेव आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए किया जाता है। 27 फरवरी को एक शाम खाटू श्याम बाबा के नाम आयोजित की जाएगी जिसमें नागपुर के प्रसिद्ध भजन गायक हर्ष शर्मा अपने भजनों की प्रस्तुति देंगे। समिति ने सभी से उक्त कार्यक्रमों में उपस्थित होने का आग्रह किया।

# 1 एकड़ में लहलहा रही थी अफीम की फसल, पुलिस ने ज़ब्त की

**सारनी, देशबन्धु।** बैतूल जिले में अफीम की अवैध खेती के मामलों में तेजी से खुलासे हो रहे हैं। हाल ही में ग्राम रानीपुर में लाखों की अफीम की फसल को पुलिस ने जप्त किया था और अब सारणी थाना क्षेत्र के ग्राम धसेड़ में भी एक नया मामला सामने आया है। यहां बेधड़क अफीम की खेती की जा रही थी, जिसके खिलाफ सारणी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की।

सारणी पुलिस ने सूचना मिलने पर ग्राम धसेड़ में छापा मारा और देखा कि लगभग 1 एकड़ खेत में अफीम की फसल लहलहा रही थी। पुलिस ने मजदूरों की मदद से 20-20 पौधों के बंडल बनवाकर इसका नाप करवाया और खेत को सील कर दिया । खेत के मालिक छतन युकी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में छतन ने बताया कि खेत को पप्पू चक्रवान और उसके बेटे प्रियांशु चक्रवान को बटाई पर दिया गया था। पुलिस ने पप्पू चक्रवान के घर पर दबिश दी, लेकिन वह फरार हो चुका था। हालांकि, पुलिस ने उसके बेटे प्रियांशु चक्रवान को पकड़ लिया। पूछताछ में प्रियांशु ने बताया कि उन्हें राजस्थान के एक युवक गोपाल द्वारा इस खेती की जानकारी दी गई थी। इस पूरे मामले की जांच और बाकी जानकारी पप्पू चक्रवान की गिरफ्तारी पर निर्भर है, जो फिलहाल फरार है। सारणी थाना प्रभारी जयपाल इवनती ने बताया कि कार्रवाई जारी है और विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

बैतूल, मुल्ताई, रानीपुर पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गई है और संयुक्त रूप से जांच कर रही है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस प्रकार की अवैध अफीम की खेती और कहां-कहां हो रही है। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है, ताकि इस अवैध खेती के नेटवर्क को समाप्त किया जा सके।

**खसखस की खेती का धोखा:**ग्रामीणों ने दबी जुबान में बताया कि यह अफीम की खेती लगभग 3 साल से की जा रही है। इससे पहले भी रखड़ डैम के पाइपलाइन के जंगलों



के इर्द-गिर्द इसी प्रकार की खेती की गई थी। पप्पू चक्रवान ने गांव वालों को बताया था कि वे खसखस की खेती कर रहे हैं, लेकिन अब गांव वालों को सच्चाई का पता चल चुका है कि वास्तव में यह अफीम की खेती थी।

रानीपुर में भी मिला अफीम का खेत :सारणी अनुविभाग के रानीपुर थाना क्षेत्र में रविवार को एक खेत में अफीम की खेती मिली थी, जिसमें पुलिस ने खेत मालिक भिखारी लाल को पकड़ लिया। पुलिस को फरार आरोपी सोनू बढ़ाई की तलाश है। एसडीओपी रोशन जैन ने बताया कि इस खेत में की गई जांच में पौधों की संख्या 50 हजार और उसका कुल वजन साढ़े 26 क्विंटल निकला है, जिसकी अनुमानित कीमत 45 लाख रुपए है।

राजस्थान के गिरोह का हाथ:सूत्रों के अनुसार, इस अवैध खेती में राजस्थान के एक गिरोह का हाथ हो सकता है। बताया जा रहा है कि गिरोह के सदस्य आदिवासी ग्रामीणों को बहका कर अफीम की खेती के लिए राजी करते हैं और प्रति एकड़ राशि भी दे रहे हैं। पुलिस ने सभी थाना क्षेत्रों में कोटवारों और मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर दिया है।

### वर्ष 2022 के बाद कटी अवैध कॉलोनियों पर होगी सख्त कार्रवाई

# अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें

**बैतूल, देशबन्धु।** बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल और कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की उपस्थिति में मंगलवार को अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण के सम्बन्ध में विस्तार से समीक्षा की गई। बताया गया कि वर्ष 2016 तक की चिन्हित जिले की 271 अवैध कॉलोनियों का नियमितीकरण किया जा रहा हैं। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने इन कॉलोनियों की खाली भूमि को कुर्क करने के निर्देश नगरपालिका को दिए। उन्होंने कहा कि अवैध कॉलोनियों के घरों का सर्वे कर कॉलोनी के विकास राशि के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जाएं। उन्होंने बैतूल नगर स्थित सभी 93 कॉलोनियों में यथा शीघ्र सर्वे करने के निर्देश दिए।

विधायक श्री खंडेलवाल ने कहा कि जिले में कोई भी नवीन अवैध कॉलोनी न कटें इसका विशेष ध्यान रखें। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की कॉलोनियों से आश्रय शुल्क भी वसूला जाए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने निर्देश दिए कि वर्ष 2022 के बाद कटी अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। अवैध कॉलोनियों के विकास के लिए संबंधित सीएमओ और तहसीलदार



व्यक्तिगत जिम्मेदार होंगे। उन्होंने जिला पंजीयक को निर्देशित किया कि अवैध कॉलोनियों के प्लाटों की रजिस्ट्री न यह सुनिश्चित करें। वर्ष 2022 के बाद किसी भी अवैध कॉलोनी के विकास सहित किसी भी प्रकार की अनुमति भी नहीं दी जाएं। बैठक में अपर कलेक्टर श्री राजीव नंदन श्रीवास्तव, संयुक्त कलेक्टर श्री मकसूद अहमद सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहें।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग की विस्तार से समीक्षा की गई। बताया गया कि जिला अस्पताल स्थित 80 लाख से निर्मित धर्मशाला का सुव्यवस्थित संचालन किया जाएगा। 10 लाख की राशि से धर्मशाला में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। धर्मशाला का नाम हीरामन जैन स्मृति धर्मशाला होगा। इसी के साथ जिला अस्पताल के समीप अतिक्रमण हटाने और जर्जर भवनों के डिस्मेंटल की कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश विधायक बैतूल श्री हेमंत खंडेलवाल और कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सिविल सर्जन जिला अस्पताल को दिए। विधायक श्री खंडेलवाल ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य केंद्रों पर अनुपस्थित रहने वाले चिकित्सकों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करें। संबंधित एसडीएम और जिला स्तर से भी इसकी सतत मॉनिटरिंग की जाएं। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जिला अस्पताल में ड्रेनेज की समस्या पर नगरपालिका को अभियान चलाकर अस्पताल के नालियां, मैंन होल, चैंबर की सघन साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ड्रेनेज की तकनीकी समस्या को पीआईयू को निराकरण करने के निर्देश दिए।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में आए नागरिकों की सुनीं समस्याएं

### फलदार वृक्षों को काटने की शिकायत पर कलेक्टर ने दिए जांच के निर्देश ,पटवारी को किया निलंबित

**बैतूल, देशबन्धु।** कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में 94 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का गंभीरता पूर्वक निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सबसे गंभीर मामला बैतूल के कोसमी निवासी बुजुर्ग महिला सया बाई खातरकर का आया, जिन्होंने निजी कृषि भूमि पर लगे फलदार वृक्षों को अनावेदक गणों द्वारा काटे जाने की शिकायत की। आवेदिका ने बताया कि सोना घाटी में स्थित उनके स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि पर गेहूं, चना,गन्ना की फसल बोई गई है। अनावेदक गण शासन की बिना अनुमति के एवं कब्जेदार, भूमि स्वामी की बिना अनुमति व सहमति के कृषि भूमि में लगे फलदार वृक्षों को काट रहे है। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए एसडीएम श्री राजीव कहार को मौका स्थल का निरीक्षण किए जाने के निर्देश दिए तथा संबंधित पटवारी पर निलंबन की कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने अतिक्रमण, नामांतरण, बंटवारे, भूमि-विवाद के प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने संबंधित राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में ग्राम पंचायत मरामझिरी के अंतर्गत आनंद रेसीडेंसी के रहवासियों ने आवेदन के माध्यम से कॉलोनी में रोड, नाली जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की मांग की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने एडीएम बैतूल को प्रकरण का निराकरण कराए जाने के निर्देश दिए। आठनेर तहसील के ग्राम पुसली निवासी चंद्रकिशोर सोलंकी ने पारसडोह की पाइप लाइन फुटने से उनकी कृषि भूमि में लगी फसल को हुए नुकसान की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जल संसाधन विभाग के संबंधित अधिकारी को मौका स्थल का निरीक्षण कर प्रकरण का निराकरण कराए जाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में स्वरूप गोलदान ने आवेदन के माध्यम से बताया कि सन 1964 में बांगलादेश में रिफ्यूजी घोषित हुआ, जिसके बाद वे बैतूल जिले में आए थे।

### पारधी समुदाय के निरक्षरों ने साक्षर बनने दी परीक्षा

**बैतूल, देशबन्धु।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत एकीकृत माध्यमिक शाला सोना घाटी में मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक परीक्षा का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी श्रीमती शक्ति सक्सेना ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप चलाए जा रहे इस कार्यक्रम का उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक उम्र के उन लोगों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है, जो किसी कारण से औपचारिक शिक्षा से वंचित रह गए थे। ऐसे 56 नवसाक्षर बड़े उत्साह और उमंग के साथ परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें पारधी समुदाय के लोग भी शामिल है। परीक्षा सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित हुई। निरीक्षण दल में शिक्षक नेमीचंद मालवीय, श्री राजेश महाले, सह समन्वयक नीलिमा शर्मा शामिल थे।

नोडल अधिकारी श्रीमती सक्सेना ने बताया कि परीक्षा केंद्र पर शिक्षकों ने नव साक्षरों को तिलक लगाकर, पुष्पगुच्छ और माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। परीक्षार्थियों ने कहा कि यह उनके लिए एक नया और सकारात्मक अनुभव था। उन्होंने यह भी कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती और जब भी अवसर मिले, सीखने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि अक्षर मित्र कविता कवड़े और सोनम अतुलकर ने स्कूल में कक्षा लगाकर 6 महीने तक नवसाक्षरों को पढ़ाया। इन अक्षर मित्रों को ग्राम भारती प्रभारी अर्चना सलामे, नोडल अधिकारी शक्ति सक्सेना, जन शिक्षक श्री महाते, सह समन्वय नीलिमा शर्मा, नेमीचंद मालवीय, रामकली काटोलकर, दुर्गा झाड़े ने मार्गदर्शन दिया। हर 6-6 माह में उल्हास नवभारत साक्षरता परीक्षा आयोजित होती है और परीक्षार्थियों को अंक सूची भी दी जाती है, जिसका लाभ बहुत सी सरकारी योजनाओं में मिलेगा।

### वन विभाग ने 2 लाख 70 हजार कीमत की सागौन ज़ब्त की

**चिचोली, देशबन्धु।** सावलीगढ़ रेंज के भुर्भुर गांव में अवैध फर्नीचर निर्माण की सूचना पर वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की। मुख्य वन संरक्षक बासु कन्नौजिया एवं पश्चिम बैतूल वन मंडल वनमंडलाधिकारी वरुण यादव के मार्गदर्शन में गठित टीम ने छापेमारी कर 2 क्यूबिक मीटर से अधिक सागौन की लकड़ी जब्त की, जिनकी कीमत 2 लाख 70 हजार रुपये से अधिक है। वन विभाग ने 8 सागौन के लट्ठे और 48 चिरान (कुल 56 नग) जब्त किए, साथ ही 2 कटर मशीनें भी बरामद की गईं। वन विभाग ने आरोपी मुन्नालाल, सहबलाल, कुंदन और सुंदरलाल से पूछताछ की, जिसमें उन्होंने अपने अपराध को स्वीकार किया। पूछताछ और जांच के आधार पर वन अमले ने उन पेड़ों की पहचान भी कर ली, जिन्हें काटा गया था। वन विभाग द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध कर जब्ती सूची जारी कर दी गई है। यह कार्रवाई क्षेत्र में अवैध कटाई और लकड़ी तस्करी में संलिप्त लोगों के विरुद्ध एक कड़ा संदेश है।

# बैठकों के बिना ही चल रही बासपानी पंचायत, पंचों को नहीं दी जा रही कोई जानकारी

- जनसुनवाई में कलेक्टर से की शिकायत
- अविश्वास प्रस्ताव पारित करने की मांग की

**बैतूल, देशबन्धु।** जनपद पंचायत बैतूल अंतर्गत ग्राम पंचायत बासपानी में सरपंच की मनमानी से त्रस्त पंचों ने कलेक्टर को आवेदन देकर अविश्वास प्रस्ताव पारित करने की मांग की है।

उप सरपंच मनीराम यादव ने जनसुनवाई में कलेक्टर को बताया कि जब से वर्तमान सरपंच पदस्थ हुआ है, तब से पंचायत की कोई बैठक नहीं बुलाई गई। पंचों के बीच जो समितिया गठित की गई थीं, उनकी भी एक भी बैठक आज तक नहीं हुई। ग्राम पंचायत को मिलने वाली राशि का कोई हिसाब-किताब पंचों के पास नहीं है। पंचायत में कौन-कौन से कार्य चल रहे हैं, इसकी भी जानकारी पंचों को नहीं दी जा रही। जब पंच सरपंच से जानकारी मांगते हैं, तो उन्हें कहा जाता है कि तुम कौन होते हो जानकारी मांगने वाले? पंचों ने 29 जनवरी को भी कलेक्टर, जिला पंचायत बैतूल और एसडीएम बैतूल को अविश्वास प्रस्ताव पारित करने के लिए आवेदन दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब फिर से जनसुनवाई में आवेदन देकर शीघ्र सुनवाई की मांग की गई है। उप सरपंच मनीराम यादव ने आरोप लगाया है कि पंचायत में नियमित बैठकों का आयोजन नहीं किया जाता। पंचायत में स्वीकृत निर्माण कार्यों में गंभीर अनियमितताएं हैं। जल जीवन मिशन के कार्यों में भारी लापरवाही और भ्रष्टाचार हो रहा है। जब पंच इन गड़बड़ियों की शिकायत करते हैं, तो उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। इन सभी कारणों के आधार पर अविश्वास प्रस्ताव पारित करने की मांग की गई है।

**चार माह से नल-जल योजना ठप,बूंद-बूंद को तरस रहे ग्रामीण** :जयस ने कलेक्टर से मांगा समाधान ग्राम पंचायत बासपानी में पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। जल जीवन मिशन के तहत गांव में टंकी और पाइपलाइन का कार्य चल रहा है, लेकिन इसके कारण बीते चार महीनों से नल-जल योजना पूरी तरह बंद पड़ी है। स्थिति यह है कि जिस मोहल्ले में यह काम हो रहा है, वहां हैंडपंप भी नहीं है, जिससे लोग पानी की किल्लत झेल रहे हैं। इस समस्या को लेकर जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) के ब्लॉक अध्यक्ष मनीष परते ने जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन देकर जल्द से जल्द नल-जल की सुविधा बहाल करने की मांग की है। उन्होंने बताया पूरे गांव में जल की आपूर्ति ठप हो गई है। जल जीवन मिशन के तहत बनाई जा रही पानी की टंकी में ट्रांसफार्मर (डीपी) का कार्य भी अधूरा पड़ा हुआ है।

# होटल में मारपीट मामले में नया खुलासा

### झूठी लूट की साजिश के आरोप, एसपी से की शिकायत

**बैतूल, देशबन्धु।** कम्पनी गार्डन टिकारी क्षेत्र में दो दिन पहले हुई मारपीट के मामले में नया खुलासा हुआ है। होटल संचालकों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर बताया कि शेख फररू और उसके साथियों ने शराब के नशे में होटल में हंगामा किया और पैसे मांगने पर मारपीट की। बाद में खुद को गिराकर झूठी लूट की शिकायत दर्ज कराई। पीड़ितों ने एसपी से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए अनावेदकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार होटल मालिकों सोनू और पप्पू अलजम जम होटल के संचालक हैं। सोनू और पप्पू ने बताया कि 16 फरवरी को दोपहर 2 बजे उनके होटल के वेटर अरुण कुमरे का फोन आया कि होटल में शेख फररू उर्फ फरीद और शेख तौसिब शराब पीकर पहुंचे थे। उन्होंने खाना खाया, लेकिन जब बिल मांगा गया तो जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट करने लगे। होटल संचालकों ने शेख फरीद को उनके मोबाइल पर फोन कर बिल की राशि मांगी, तो उन्होंने कहा कि पैसे चाहिए तो कमानी गेट पर आ जाओ। इसके बाद सोनू, सद्दाम और पप्पू करीब 3 बजे कमानी गेट पहुंचे, जहां शेख फररू, फरीद, मुन्ना, तौफिक और अफजल पहले से मौजूद थे। इन लोगों ने धमकाना शुरू कर दिया कि शहर में किसी भी होटल में उनसे पैसा नहीं लिया जाता और फिर उन्होंने होटल संचालकों के साथ मारपीट कर दी। जब होटल संचालकों ने खुद को बचाने की कोशिश की, तो शेख फररू नीचे गिर गया और उसकी बाइक से टकरा गया, जिससे उसके सिर में चोट लग गई। इसके बाद अनावेदकों ने धमकी दी कि अब वे पुलिस के पास जाकर झूठी लूट और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराएंगे।

पीड़ितों ने बताया कि घटना के दिन ही उन्होंने पुलिस को सूचना दी थी, लेकिन पुलिस ने कहा कि टीआई साहब नहीं हैं, जब आएंगे तब बताना। वे करीब 2-3 घंटे थाने में खड़े रहे, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, जिससे उन्हें वापस लौटना पड़ा। अब पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर इस मामले की निष्पक्ष जांच करने और होटल में शराब पीकर मारपीट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि उनके खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें फंसाने की साजिश रची जा रही है, जबकि सच्चाई कुछ और है।

### स्व.रामाधार मालवीय स्मृति टूर्नामेंट

# बैतूल अकादमी और करण 11 की शानदार जीत

**बैतूल, देशबन्धु।** स्व. रामाधार मालवीय की स्मृति में समीर खान फैंस क्लब द्वारा आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के सातवें दिन 18 फरवरी को तीन रोमांचक मुकाबले खेले गए।

पहला मैच बैतूल अकादमी और गायकी बाबा के बीच हुआ, जिसमें बैतूल अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 10 ओवरों में बैतूल अकादमी ने 171 रन बनाए। 172 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गायकी बाबा की टीम 98 रन ही बना सकी, और बैतूल अकादमी ने यह मुकाबला 73 रनों से अपने नाम कर लिया। इस मैच में निखिल रघुवंशी ने 88 रनों की शानदार पारी खेली और मैन ऑफ द मैच बने। दूसरा मुकाबला करण 11 और महाकाल बोरी के बीच खेला गया, जिसमें महाकाल बोरी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 10 ओवरों में 87 रन



बनाए। जवाब में करण 11 की टीम ने केवल तीन विकेट खोकर लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। इस मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले फैजल खान को मैन ऑफ द मैच चुना गया। तीसरा मुकाबला करण 11 और बैतूल अकादमी के बीच खेला गया। इस मैच में करण 11 ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी की और 10 ओवरों में 126 रन बनाए। टीम के लिए बिट्टू भादू ने शानदार 58 रन बनाए, जिसमें 8 छक्के शामिल थे। बैतूल अकादमी की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 9.2 ओवरों में 102 रन पर ऑल आउट हो गई, और करण 11 ने यह मैच 24 रनों से जीत लिया। इस मैच में शानदार गेंदबाजी और ऑलराउंड प्रदर्शन करने वाले सानू रघुवंशी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। आयोजन समिति के सुनील मालवीय, नफीज मिर्जा, कबीर खान, समीर खान और अमजद पठान से मिली जानकारी के अनुसार 18 फरवरी को हुए मैच के मुख्य अतिथि सोनू निरमोही, राकेश शर्मा, पप्पी शुक्ला, बंटी पेसवानी, रक्कू शर्मा, मनोज आर्य, राजेश भाटिया, राजेश दवंडे, विभाषवर्धन पांडे सहित अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

### दस दिवसीय नाट्य कार्यशाला का शुभारंभ



**बैतूल, देशबन्धु।** आदिम कल्चरल एंड वेलफ़ेयर सोसाइटी के द्वारा मंगलवार को शहीद भवन बैतूल में दस दिवसीय नाट्य कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। यह कार्यशाला जिले में रंगमंचीय एवं सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा देने हेतु व जिले की प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आरंभ की गई है। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय एवं मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय से प्रशिक्षित राकेश वरवड़े इस कार्यशाला में प्रशिक्षण देंगे। श्री वरवड़े ने बताया की इस कार्यशाला के अंत में एक नाट्य प्रस्तुति भी दी जाएगी।

# पंकज अतुलकर से मारपीट का मामला गरमाया

- फूले शाहू आंबेडकर विचारधारा मंच और भीमसेना ने सौंपा ज्ञापन
- दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

**बैतूल, देशबन्धु।** फूले शाहू आंबेडकर विचारधारा मंच मुलताई और भीमसेना मुलताई के संयुक्त तत्वाधान में थाना प्रभारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) मुलताई को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं गरीब पिछड़े वर्ग के लोगों पर हो रहे जातिगत भेदभाव और अन्याय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई।

भीमसेना प्रदेश प्रभारी पंकज अतुलकर के साथ हुई अभद्रता को लेकर संगठन ने कड़ा विरोध दर्ज कराया। ज्ञापन में बताया गया कि 15 फरवरी को बैतूल में पंकज अतुलकर को बीच सड़क पर रोककर अनावेदक श्रद्धा



राठौर, अर्थ राठौर और भीकूलाल राठौर ने गाली-गलौज की और एक महिला ने चप्पल से मारते हुए सार्वजनिक रूप से अपमानित किया। इसके अलावा, उनकी शर्ट की कॉलर पकड़कर घसीटने और अभद्र भाषा का प्रयोग करने का भी आरोप है। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद अनुसूचित जाति समाज में आक्रोश है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि पंकज अतुलकर एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं, जो हमेशा समाज के हक और अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहते हैं। ऐसे में उन पर सुनियोजित हमला किसी बड़ी साजिश का हिस्सा हो सकता है। संगठन ने मांग की कि श्रद्धा राठौर, अर्थ राठौर और भीकूलाल राठौर पर एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों। इसके साथ ही, ज्ञापन में मुलताई क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर भी चिंता जताई गई। किसानों के मोटर पाइप, केबल और घरों में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की गई। इस अवसर पर भीमसेना सदस्य को प्रभाकार नागले,संतोष चौकीकर ,रमेश पंडोले नाज़िद ख़ान ,प्रकाश ,चेतन ,अलीम ख़ान ,अंकित ,रम्मू पाटिल जी सिद्धार्थ लोखंडे जी ,सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

